हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 14 जून 2025, समय 1305 (5 मिनट)

केंद्र सरकार ने एक उच्च स्तरीय बहुपक्षीय समिति गठित की है, जो अहमदाबाद से लंदन जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई-171 के दुर्घटना के कारणों की जांच करेगी। नागर विमानन मंत्रालय ने कहा कि यह समिति मौजूदा मानक संचालन प्रक्रिया और ऐसी घटनाओं को रोकने व् उनसे निपटने के लिए जारी दिशा-निर्देशों की जांच करेगी। समिति, भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं से निपटने के लिए व्यापक दिशा-निर्देश का सुझाव भी देगी।

****

केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप पुरी ने कहा है कि देश में आगामी महीनों के लिए पर्याप्त मात्रा में ईंधन उपलब्ध है। उन्होंने पेट्रोलियम सचिव और ऊर्जा क्षेत्र में सार्वजनिक उपक्रमों के प्रमुखों के साथ समीक्षा बैठक के बाद यह जानकारी दी। ईंधन आपूर्ति के बारे में दी गई यह जानकारी इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि ईरान पर इस्राइल के हमले के बाद अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतों में कल काफी वृद्धि हुई। श्री पुरी ने कहा कि भारत की ऊर्जा नीति उपलब्धता, वहन करने की क्षमता और स्थिरता की सफलता पर आधारित है। भारत सालाना एक सौ पचास अरब अमरीकी डॉलर का तेल आयात करता है और इस आयात से भारत के कच्चे तेल की लगभग अस्सी प्रतिशत जरूरत पूरी होती है।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. साकेत कुमार ने विभागों को निर्देश दिए हैं कि मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2025-26 के बजट में की गई घोषणाओं पर दिसंबर माह से पूर्व ठोस प्रगति दिखाई देनी चाहिए।डॉ. साकेत कुमार ने कल चंडीगढ़ में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित 79 घोषणाओं की स्थिति का गहन मूल्यांकन किया।उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग को अपनी घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए नोडल अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करनी होगी ताकि कार्यप्रणाली में स्पष्टता और

उत्तरदायित्व बना रहे। उन्होंने आश्वस्त किया कि घोषणाओं के लिए आवश्यक धनराशि की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कल सुबह रेवाड़ी जिले के फिदेरी गांव में नवनिर्मित अत्याधुनिक जेल परिसर का उद्घाटन करेंगे। इस पर 95 करोड़ रुपये की लागत आई है और यह लगभग 50 एकड़ क्षेत्र में फैली हुई है।गृह, जेल आपराधिक जांच और न्याय प्रशासन की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि अब तक, जिले में केवल 65 कैदियों की क्षमता वाली एक छोटी जेल थी, जिसके कारण 700 से अधिक कैदियों को गुरुग्राम, नारनौल और झज्जर की जेलों में स्थानांतरित किया गया था। नई जेल को लगभग 1,000 कैदियों को रखने के लिए तैयार किया गया है और क्षेत्र के लिए कैदी प्रबंधन में रसद संबंधी चुनौतियों को कम किया गया है।

****

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कल पानीपत के गांव उग्राखेड़ी में स्वच्छता अभियान के तहत विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ पौधारोपण किया व लोगों को नियमित रूप से सफाई करने का संदेश दिया | श्री महीपाल ढांडा ने कहा कि मानवता के लिए हर व्यक्ति को कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। शिक्षा मंत्री ने गांव में विकास कार्यों को लेकर अपने निजी कोष से चार लाख रुपये की राशि खर्च करने की घोषणा भी की। इसमें एक लाख रुपये की राशि क्रिकेट पिच बनाने पर खर्च की जाएगी।

****

नूंह जिले में कल होने वाले पंचायती राज उपचुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। उल्लेखनीय है कि नूंह जिले में 10 ग्राम पंचायतों में सरपंच , वार्ड नंबर 17 से एक जिला परिषद सदस्य और पंच के तीन पदों के लिए चुनाव होना है।पुलिस अधिकारियों ने सभी से शांतिपूर्ण मतदान के लिए सहयोग की अपील की है और चेतावनी दी है कि मतदान प्रक्रिया में बाधा डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि मतदान केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। उन्होंने उम्मीदवारों और समर्थकों से आदर्श आचार संहिता का पालन करने, झगड़े-विवाद से बचने और भड़काऊ गतिविधियों से दूर रहने की हिदायत दी है।प्रवक्ता ने

बताया कि चुनाव के मद्देनजर पुलिस लगातार ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर रही है। मतदान के दिन पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा ताकि कानून व्यवस्था बनी रहे।

****

पञ्जाब, हरियाणा और चण्डीगढ़ सहित उत्तर -पश्चिम भारत में भीषण गर्मी का प्रकोप बना हुआ है, कई स्थानों पर तो तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया है। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक नरेश कुमार के अनुसार, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, चण्डीगढ़, दिल्ली, मध्य प्रदेश, पञ्जाब और उत्तर प्रदेश में भी आज अलग-अलग स्थानों पर लू चलेगी।

पंजाब, हरियाणा की बात करें, दिल्ली की बात करें वहां जो हीट वेव है आज भी मेजरली रहने वाला है। उसके बाद ये अवेट हो जाएगा। उसके कारण ये है कि पूरा एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस आया हुआ है, जिसका प्रभाव आने वाले चार-पांच दिनों में जम्मू कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड में उसका प्रभाव रहेगा। उसके कारण वहां थंडरस्ट्राम, हिलस्ट्राम एक्टिव हो सकता है। आज के बाद जो टेम्परेचर है वो डिक्रीज़ हो जाएगा।

उधर भिवानी कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डा. देवीलाल ने कहा है कि आज से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इससे आज से 16 जून के बीच धूलभरी आंधी चलने और बूंदाबांदी होने के आसार है। उन्होंने बताया कि 18 से 23 जून को एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है।

****